संत थॉमस स्कूल धुर्वा,राँची–4

सत्र (2020–21)

कक्षा–3

विषय–हिन्दी व्याकरण

पाठ–3 स्वरों की मात्राएँ,शब्द,वाक्य

1.प्रश्नों के उत्तर दाजिए–

(क) किस स्वर की कोई मात्रा नहीं होती है?

उत्तर– अ स्वर की कोई मात्रा नहीं होती है।

(ख) र वर्ण में 'उ' और 'ऊ' की मात्रा कहाँ लगती है?

उत्तर–र वर्ण में 'उ' और 'ऊ' की मात्रा निम्न प्रकार से लगाई जाती हैं– र+उ = रुपया,रुको।

र+ ऊ =रूप,रूमाल।

(ग) मात्रा किसे कहते हैं?

उत्तर–व्यंजन के साथ स्वरों के चिह्नों को मिलाकर लिखना ही मात्रा कहलाता है।

2.स्वरों को उनकी मात्राओं से मिलाइए–

आ – ा

उ – ु

ओ – ो

ए – े

औ – ौ

3.मात्रा लगाकर शब्द बनाइए–

गुलाब पौधा थैला ढोलक

लड़की डाकिया कोयल गिलहरी

4.निम्नलिखित मात्राओं के तीन–तीन शब्द लिखिए–

(क) ो कोयल,कोमल,लोहार

(ख)ि किसान,किताब,गिलहरी

(ग)ु कुत्ता,कुर्सी,बुलबुल

(घ) े केला,नेता,केसर

5. 'र' के अलग–अलग प्रयोग दिए हैं,उन्हें उचित स्थान पर रखिए–

र र्‍ –्र

| | | |
|---|---|---|
| सरल | कर्म | प्रयाग |
| रक्षा | कार्य | प्रथम |
| नरम | धर्म | |
| | मूर्ख | |

6.सही या गलत का चिह्न लगाइए—

(क) गलत (ख) गलत (ग) गलत (घ) सही

7. नीचे दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य लिखिए—

(क) निशा खेल रही है।

(ख) तालाब में मछलियाँ तैर रही हैं।

(ग) गाड़ी से नानी आई।

(घ) बाज़ार में श्यामू दौड़ रहा है।

(ड़) थाली में बैंगन रखा है।